Daily Current Affairs 21 May 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 20 मई को मनाया गया विश्व मधुमक्खी दिवस
• प्रतिवर्ष 20 मई को विश्व भर में विश्व मधुमक्खी दिवस (World Bee Day) के रूप में मनाया जाता है। विश्व मधुमक्खी दिवस के लिए इस वर्ष की थीम 'बी एंगेज्ड: सेलिब्रेटिंग द डायवर्सिटी ऑफ बीज़ एंड बीकीपिंग सिस्टम्स' है।
• इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर देश के छोटे किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुँचाना है।

2. केरल एक नवंबर को भारत का पहला सरकारी ओटीटी मंच शुरू करेगा
• देश में पहली बार केरल सरकारी स्वामित्व वाला 'ओवर द टॉप' (OTT) मंच 'सीस्पेस' (CSPACE) 01 नवंबर, 2022 से शुरू करने जा रहा है। 'सीस्पेस' पर दर्शकों के पास फिल्में, लघुफिल्म और वृत्त चित्र देखने का विकल्प होगा।
• ओटीटी मंच पर इंटरनेट के माध्यम से वीडियो, ऑडियो और अन्य सामग्री उपलब्ध होती हैं। यह राज्य सरकार की ओर से केरल राज्य फिल्म विकास निगम (केएसएफडीसी) की एक पहल है।

3. श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने देश को दिवालिया घोषित किया
• श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने देश को दिवालिया घोषित कर दिया है। भारत का पड़ोसी देश श्रीलंका अपने इतिहास में पहली बार दिवालिया हो गया है।
• पिछले 70 से अधिक वर्षों के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा ये देश अपना कर्ज नहीं चुका पाया है। श्रीलंका को 7 करोड़ 80 लाख डॉलर का कर्ज चुकाने के लिए 30 दिनों की छूट अवधि दी गई थी।

4. निकहत जरीन ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता
• 19 मई, 2022 को इस्ताम्बुल (तुर्की) में 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की निकहत ज़रीन ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता है।
• निकहत ने 52 किग्रा वर्ग के फाइनल में थाईलैंड की ज़ितपोंग जुतामस को आसानी से हराया है। भारतीय मुक्केबाज़ ने 30-27, 29-28, 29-28, 30-27, 29-28 के स्कोर से यह मुकाबला जीता।

5. दिल्ली हाईकोर्ट ने घर-घर राशन वितरण योजना पर लगाई रोक
• 19 मई, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार की बहुर्चित मौजूदा 'घर-घर राशन वितरण योजना' (मुख्यमंत्री घर घर राशन योजना) को रद्द कर दिया है।
• हालांकि न्यायालय ने कहा दिल्ली सरकार 'नये सिरे से राशन की होम डिलीवरी की योजना शुरू करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन इसके लिए वह केंद्र सरकार द्वारा मुहैया कराए गए आनाज का इस्तेमाल नहीं कर सकती है।

Daily Current Affairs 21 May 2022

6. दक्षिण कोरिया के सियोल में 15वीं विश्व वानिकी कॉन्ग्रेस का किया गया आयोजन
• मई, 2022 में दक्षिण कोरिया के सियोल में 15वीं विश्व वानिकी कॉन्ग्रेस (World Forestry Congress) का आयोजन किया गया है। इसमें सियोल वन घोषणा को अपनाया गया है। इस घोषणापत्र पर 141 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं। वर्ष 2022 हेतु इसकी थीम 'हरित, स्वस्थ और अनुकूल निर्माण' है।

7. भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 के तीसरे चरण का स्काईरूट ने किया सफल परीक्षण
• मई, 2022 में भारत के पहले निजी तौर पर निर्मित रॉकेट विक्रम- 1 के तीसरे चरण का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण नागपुर में अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्ट-अप 'स्काईरूट एयरोस्पेस' द्वारा किया गया था।
• यह परीक्षण कक्षीय यान विक्रम-1 के विकास के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर है। इस परीक्षण से विक्रम-1 के विकास में मदद मिलेगी।

8. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुरू की 'लोक मिलनी' योजना
• हाल ही में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी प्रकार के पहले जनसंवाद कार्यक्रम 'लोक मिलनी' का आरंभ करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निपटान के लिए निर्देश जारी किए है।
• इस संवादात्मक कार्यक्रम का लक्ष्य लोगों को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए एकल खिड़की मंच प्रदान करना है।

9. अमेरिका ने अफगानिस्तान के दूतावासों को अपने नियंत्रण में लिया
• अमेरिका ने वाशिंगटन में अफगानिस्तान के दूतावास और न्यूयार्क एवं कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में स्थित वाणिज्य दूतावासों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।
• मंत्रालय ने कहा कि उसने इन दूतावासों की सुरक्षा और रख रखाव का जिम्मा पूरी तरह ले लिया है और अगला आदेश जारी होने तक, बिना अनुमति के कोई भी इनमें प्रवेश नहीं कर सकता। अमेरिका ने इससे पहले अफगानिस्तान की संपत्ति को फ्रीज कर लिया था। वह देश में तालिबान की सत्ता लौटने के विरोध में है।

10. हैदराबाद के दिशा रेप केस के एनकाउंटर को सुप्रीम कोर्ट जांच कमीशन ने बताया फेक
• तेलंगाना के हैदराबाद में हुए दिशा रेप एंड मर्डर केस में आरोपियों के एनकाउंटर को सुप्रीम कोर्ट के कमीशन ने फर्जी बताया है। साथ ही मामले में शामिल पुलिसकर्मियों पर मुकदमे की सिफारिश की है।
• जांच करने वाले सिरपूरकर कमीशन ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिशा रेप केस में कथित चारों आरोपियों का फेक एनकाउंटर किया गया था।